## एक नजर में

### गरोठ बस स्टैंड की दुकानों पर ताले, जर्जर स्थिति में पहुंची करोड़ों की संपत्ति



**गरोठ।** नगर परिषद गरोठ द्वारा नव निर्मित बस स्टैंड के पीछे बनाई गई फल, सब्जी, जनरल स्टोर एवं अन्य उपयोग की दुकानों का अब तक हैंडओवर नहीं हो पाने से ये दुकानें जर्जर हो चुकी हैं और शरारती तत्वों का अड्डा बन गई हैं। नीलामी में कुछ दुकानों की बिक्री हुई थी, लेकिन 75व्न राशि एकमुश्त जमा करवाने की शर्त के चलते नप ने अभी तक खरीदारों को दुकानें सुपुर्द नहीं की हैं। खरीदारों का कहना है कि वे 25व्न राशि जमा कर चुके हैं और शेष किश्तों में देने को तैयार हैं, लेकिन नप की सख्ती के कारण दुकानें बंद पड़ी हैं। लंबे समय से बंद दुकानों के चलते इनके शटर टूटने लगे हैं, वहीं शराबियों और असामाजिक तत्वों की आवाजाही से स्थानीय रहवासी भी परेशान हैं। साफ-सफाई और देखरेख के अभाव में करोड़ों की लागत से बनी यह संपत्ति खस्ताहाल हो चुकी है। सीएमओ गिरीश शर्मा ने बताया कि 75व्न राशि जमा होने पर दुकानों का हैंडओवर जल्द शुरू किया जाएगा। साथ ही, शरारती गतिविधियों को रोकने के लिए खाली दुकानों पर ताले भी लगाए गए हैं। स्थानीय जनों ने मांग की है कि नगर परिषद लचीलापन दिखाते हुए खरीदारों को राहत दे, ताकि दुकानें शुरू हों, रोजगार बढ़े और क्षेत्र में शांति व स्वच्छता कायम हो।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 26 जुलाई को

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर (वि.) अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद सुधीर गुप्?ता की अध्यक्षता में 26 जुलाई 2025 को प्रात: 11 बजे जिला पंचायत सभागृह में होगी।

### कोटा डिपो की बस अनियंत्रित हो 11 केवी बिजली लाइन के पोल से टकराई



**सरवानियां महाराज।** नीमच-सिंगोली रोड पर ग्राम नेवड़ के पास एक बड़ा हादसा टल गया जब राजस्थान रोडवेज की कोटा डिपो की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 11 केवी बिजली लाइन के पोल से टकरा गई। यह घटना बुधवार शाम करीब 5 बजे उस समय हुई जब बस नीमच से कोटा जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस बांसवाड़ा से कोटा जा रही थी, तभी नेवड़ के समीप चालक का नियंत्रण खो गया और बस सीधी बिजली पोल से टकरा गई। दुर्घटना के वक्त लाइन में विद्युत प्रवाह चालू था, जिससे एक बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तत्पश्चात 11 केवी लाइन को बंद करवाया गया और बस को जेसीबी की मदद से हटाया गया। प्रशासन और बिजली विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई।

### गौतम लब्धी की पूजा से सुख समृद्धि आती है- ध्यान कीर्ति विजय जी महाराज

**नीमच।** गौतम नाम में वह शांति है जो कामधेनू कल्पवृक्ष चिंतामणि रत्न में होती है। विनय बुद्धि सिद्धि समृद्धि सभी तरह के सुख देने की शक्ति गौतम लब्धि में निहित होती है।गौतम लब्धि की पूजा का फल कभी निष्फल नहीं जाता है।यह बात ध्यान कीर्ति जी महाराज साहब ने कहीं। वे श्री जैन श्वेतांबर वासुपुज्य जैन मंदिर जैन मंदिर इंदिरा नगर जिनालय ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित चातुर्मास की धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति श्रद्धा भक्ति से गौतम लब्धि की पूजा करता है उसे सब कुछ सहज ही प्राप्त हो जाता है। जैन परंपरा में श्री तीर्थंकर परमात्मा के बाद गौतम स्वामी को प्रणाम किया जाता है। इस अवसर पर अनंत लब्धि निदान गौतम स्वामी एवं गौतम लब्धि पुजा की गई। इस अवसर पर गौतम लब्धि की पूजा के लिए पाठ पर अक्षत गहुली बनाकर पूजन किया फुलों से श्रृंगारित कर दीपक प्रज्वलित किए गए। विभिन्न धार्मिक चढ़ावे की बोलियां लगाई गई जिसमें समाजजनों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गौत्तम लब्धि पूजा में सामूहिक रूप से सहभागिता निभाई। परमात्मा की प्रतिमा को गुलाब के फूलों से श्रृंगारित किया गया था। इस अवसर पर विभिन्न वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ गौतम लब्धि कलश अभिषेक पूजा अर्चना की गई । इस अवसर पर 50से अधिक श्रद्धालु भक्तों ने खीर के ऐकाशने किये।आरती के बाद प्रभावना का वितरण किया गया।

आयम्बिल की तपस्या कर नन्हीं आर्या ने लिया आशीर्वाद- नन्ही साढ़े 4 वर्षीय बालिका आर्या पुत्री नितेश सुपोत्री सुशील नपावलिया ने ध्यान कीर्ति महाराज साहब की प्रेरणा से गौतम स्वामी की लब्धि के पावन उपलक्ष्य में आयम्बिल की तपस्या की। जिसकी सभी ने अनुमोदना की। ध्यान कीर्ति महाराज साहब के चरण वंदन कर आर्या ने आशीर्वाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि उल्लेखनीय है कि नन्ही बालिका आर्या ने पूर्व में भी पद्मभूषण जी महाराज की प्रेरणा से वास की तपस्या पूरी की थी। आर्य चैतत्य वंदन भी करवाती है। सभी धार्मिक क्रिया को सीखने की रुची भी रखती है।

### जिले में 13 सितम्बर, शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**नीमच।** जिला मुख्यालय नीमच तथा तहसील मुख्यालय मनासा, जावद एवं रामपुरा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर, 2025 शनिवार को किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में नीमच, मनासा, जावद एवं रामपुरा के न्यायालयों में विचाराधीन समझौता योग्य समस्त दाण्डिक, सिविल, विविध, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत अधिनियम, नगरपालिका, नगर पंचायतों, श्रम, बैंक, इत्यादि के प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह और समझौते से किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री शोभना मीना ने पक्षकारों से आग्रह किया है, कि उपरोक्त श्रेणी के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कराने हेतु अपने अभिभाषकों से सम्पर्क करें व सम्बन्धित कार्यालयों में सहमति प्रस्तुत करें।

## आईटीआई जावद में महिलाओं का प्रवेश शुल्क दो किश्तों में जमा करने की सुविधा



**नीमच। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) में सत्र 2025 हेतु प्रवेश प्रक्रिया जारी है। कौशल विकास विभाग द्वारा इस वर्ष 02 महत्वपूर्ण फैसले लिए गए इस वर्ष से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने, आईटीआई में महिलाओं के लिए आरक्षण बढ़ाकर 35 प्रतिशतकर दिया गया है। प्रशिक्षण शुल्क को लेकर निर्णय लिया गया है, अब प्रवेश शुल्क को दो समान किश्तों में जमा करने की सुविधा दी गई है।**

इस परिप्रेक्ष्य में अल्ट्राटेक सिमेंट, विक्रम सिमेंट वर्क्स खोर द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत निर्धारित क्षेत्र के निकटवर्ती 17 गांव जैसे खोर ,बोरखेड़ी , सरवानी मसानी, खेड़ा राठौर ,दामोदरपुर इत्यादि गांवों से महिलाओ एवं छात्राओ के आई.टी.आई. जावद में प्रवेश लेने पर प्रशिक्षण शुल्क की प्रथम किस्त 3250 वहन की जाएगी।

आई.टी.आई.प्राचार्यएस.के.सोनी ने बताया, कि महिला अभ्यर्थियों को कौशल विकास के रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमो से जोड़ने आत्मनिर्भर बनाने में अल्ट्राटेक सिमेंट खोर द्वारा योगदान दिया जा रहा है। आई.टी.आई.जावद में 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी इलेक्ट्रिशियन, फिटर, कोपा, मैकेनिक मोटर व्हीकल, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स, डीजल मेकेनिक, टर्नर, स्टेनो हिन्दी एवं नवीन ट्रेड फेशन टेक्नोलॉजी में आवेदन कर सकते हैं। वेल्डरट्रेड में प्रवेश के लिए 8वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

साथ ही, जो विद्यार्थी 10वीं के बाद सीधे आई.टी.आई. करना चाहते हैं, वे प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात केवल दो विषयों की परीक्षा देकर 12वीं समकक्षता प्रमाण पत्रभी प्राप्त कर सकते हैं। आई.टी.आई.उत्तीर्ण अभ्यर्थी लैटरल एंट्री के माध्यम से पॉलिटेक्निक डिप्लोमा में भी प्रवेश ले सकते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को इंडस्ट्री विजिट, ऑन-जॉब ट्रेनिंग और गेस्ट लेक्चर जैसी गतिविधियों के माध्यम से व्यावसायिक दक्षता प्रदान की जाती है। साथ ही प्लेसमेंट सेल द्वारा विभिन्न कंपनियों केकैंपस ड्राइवके माध्यम से छात्रों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल **www.dsd.mp.gov.in** के माध्यम से पंजीयन कर सकते है। पंजीयन के लिए एक अगस्त 2025 तक ओपन राउंड रहेगा, इसमे राज्य के बाहर के आवेदक प्रवेश के लिए आवेदन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। आवेदन में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए अभ्यर्थी नजदीकी ऑनलाइन सहायता केंद्र या आई.टी.आई.में स्थापित काउंसलिंग डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु नजदीकी शासकीय आई.टी.आई. मे संपर्क करें।



### शिक्षकों ने मांगों को लेकर ज्ञापन दिया

**नाहरगढ।** जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टेरेसा मिंज को ज्ञापन दिया जिसमे नवनियुक्त शिक्षकों के 3 वर्षों से लंबित ष्ठ एरियर्स का भुगतान, परिवीक्षा अवधि पूर्ण के आदेश, वेतन वृद्धि कराए जाने हेतु। जिले में कार्यरत सैकड़ो नव नियुक्त शिक्षकों के विगत 3 वर्षों से अधिक समय लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स दिए जाने कार्यवाही संबंधित अधिकारियों द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय से नवनियुक्तों की पूर्ण होने का आदेश का हवाला देकर ष्ठ एरियर्स नहीं दिया। जबकि देय एरियर्स का परिवीक्षा अवधि कोई संबंध नहीं है ढ्ढस्रश्वस्ढ्ढ पोर्टल पर नवनियुक्त शिक्षकों के ष्ठ एरियर्स भुगतान हेतु प्रावधान है जुलाई में सभी शिक्षकों के वेतन वृद्धि परीक्षा अवधि पूर्ण के आदेश अति शीघ्र कराए जाने के लिए ज्ञापन देने वाले शिक्षकों में दिनेश कुमार राठौर, मनोज सूर्यवंशी इरफान मंसूरी योगेश रायकवार, लोकेश तिवारी बालकृष्ण कुमावत, गोविंद व्यास, दिनेश परमार, धनराज प्रजापत आदि शिक्षक मौजूद थे ।

### म.प्र. विद्युत बोर्ड के सभागार में मजदूर संघ का स्थापना दिवस मनाया




**नीमच।** शहर में मध्य प्रदेश विद्युत बोर्ड के सर्कल कार्यालय के सभागार में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) का 70वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रवाद, श्रमिक हितों और सामाजिक विकास पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

समारोह में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने अपने संबोधन में कहा कि मां भारती का वैभव अमर रहे, इसके लिए हमें निरंतर काम करते रहना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय मजदूर संघ राष्ट्र और मजदूर दोनों के हितों के लिए कार्य कर रहा है और सभी का उद्देश्य राष्ट्रहित में काम करना होना चाहिए। उन्होंने भारतीय कर्मचारी संघ के सदस्यों के अथक संघर्ष की भी सराहना की। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने बीएमएस सदस्यों को स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार भारत के प्रत्येक व्यक्ति के विकास की दिशा में काम कर रही है और किसी भी श्रम संगठन का मूल मंत्र राष्ट्रवाद होना चाहिए।

इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी गोपाल जामलिया ने संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में बीएमसी की 14 यूनियनें सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जो श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान बिजली कर्मचारी संघ के नए कार्यालय का भी शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में चतर सिंह गहलोत, पारस पटवा, ओपी सिंह, नितिन साहू, भेरूलाल और बीएमएस के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक औसत 471 .2 मि .मी . वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 471.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 328.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।अधीक्षक भू अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 441.5मि.मी., जावद में 540 मि.मी., सिंगोली में 571.6मि.मी. एवं मनासा में 332 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 284 मि.मी.जावद में 369 मि.मी.एवं मनासा में 332 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं।जिले में 23 जुलाई 2025 को प्रात- 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 21.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में नीमच में 48 मि.मी., जावद में 22 मि.मी., मनासा में 16 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है एवं सिंगोली में कोई वर्षा दर्ज नही हुई हैं।

### भारत विकास परिषद सुभाष शाखा ने किया वन विहार का आयोजन



**नीमच।** भारत विकास परिषद सुभाष शाखा द्वारा रविवार को एक दिवसीय पिकनिक का आयोजन वन विहार गाडगिल सागर बांध पर किया गया, जिसमें परिषद परिवार के सदस्यों ने अपने परिवारजनों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन मनोरंजन और आपसी सामंजस्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। प्राकृतिक वातावरण में सभी ने एक-दूसरे के साथ खुशनुमा पल बिताए। पिकनिक के दौरान बच्चो, महिलाओं और कपल के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, व कई अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों और बड़ों ने समान रूप से इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। परिषद के सदस्यों को अपनी गायन की कला दिखाने हेतु परिषद द्वारा सुर संगीत प्रोग्राम का सफल प्रोग्राम भी किया गया जिसे सभी सदस्यो द्वारा तालियों से गायको को प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर परिषद के नवीन सदस्यों का दुपट्टा एवं सदस्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में परिषद को आर्थिक सहयोग देने वाले सदस्यों का स्वागत किया गया वन विहार कार्यक्रम में मंदसौर से पधारे प्रांतीय अध्यक्ष श्री घनश्याम जी रेखा जी पोरवाल का भी दुपट्टा पहना कर स्वागत अभिनंदन किया इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष ललित राठी ने बताया कि ऐसे आयोजनों से सदस्यों के बीच आपसी मेलजोल और पारिवारिक भावना को बल मिलता है। वन विहार कार्यक्रम में सभी प्रतियोगिताओं मैं फर्स्ट अंश खंडेलवाल,सीमा दिनेश बैरागी। सेकंड आरव अग्रवाल, श्रुति हरीश शर्मा । थर्ड श्रष्टि खंडेलवाल, दीप शिखा शिवम ऐरन, शिवानी तिवारी, गौरी खंडेलवाल,सुनीता परवाल । साथ ही परिषद परिवार के सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए एक से एक सुंदर पुरस्कार लेकर सभी को अपार खुशी हुई परिषद परिवार के करीबन 150 सदस्यों ने वन विहार का आनंद लिया।सचिव मनीष अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जिला प्रेस क्लब रजिस्टर्ड का कार्ड वितरण व नवीन कार्यकारी गठन व शपथ समारोह 27 को

**नीमच।** जिला प्रेस क्लब रजिस्टर्ड का कार्ड वितरण समारोह व नवीन कार्यकारिणी गठन व शपथ समारोह 27 जुलाई रविवार मंगलम रिसोर्ट में आयोजित किया जाएगा। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष विष्णु मीणा, सचिव राजेश लक्षकार, कोषाध्यक्ष राजेश भंडारी, सह सचिव बीएल दमामी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रेस क्लब की एक आवश्यक बैठक सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित हुई। जिसमें सर्वानुमति से निर्णय लिया गया कि जिला प्रेस क्लब का कार्ड वितरण समारोह एवं नवीन कार्यकारिणी के गठन व शपथ समारोह का आयोजन 27 जुलाई रविवार को मंगलम रिसोर्ट मनासा रोड पर आयोजित होगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रात: 10-00 बजे जिला प्रेस क्लब की साधारण सभा का आयोजन होगा जिसमें जिले भर के जिला प्रेस क्लब के सदस्य की उपस्थिति में आगामी कार्यकारिणी और कार्य योजना के बारे में निर्णय लिए जाएंगे व सर्व सहमति से नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी साथ ही सभी सदस्यों को परिचय पत्र कार्ड भी वितरित किए जाएंगे।

उसके पश्चात 11-30 बजे कार्यक्रम में नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान ,पूर्व मंत्री जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक माधव मारु, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ,भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा।

आयोजन के बाद सभी का स्नेह भोज होगा। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष विष्णु मीणा व सचिव राजेश लक्षकार ने जिला प्रेस क्लब के सभी सदस्यों से आग्रह किया है कि वह अनिवार्य रूप से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

**धर्म-आस्था** 27 दिवसीय शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम प्रवाहित

## शुभ अशुभ कर्मों से मानव जन्म मिलता है : रुद्र देवजी त्रिपाठी

**नीमच।** पिछले जन्मों के पुण्य कर्म से ही मानव जन्म मिलता है। निष्काम भक्ति से पुण्य फल प्राप्त होता है। यदि हम पाप कर्म करते हैं तो इस धरती पर उस पाप कर्मों के फल को भोगने के लिए हमें भगवान वापस जन्म देता है अच्छे कर्म करते रहना चाहिए तभी हमारा जीवन सफल हो सकता है और हमें मुक्ति मिल सकती है।



शुभ अशुभ कर्मों से मानव जन्म मिलता है इसलिए अच्छे कर्म करते रहना चाहिए। गणपति बुद्धि के देवता है और वह कर्म की सवारी करते हैं चुहा कर्म का प्रतीक है।यह बात गुरुदेव रुद्रदेव जी त्रिपाठी (जावद वाले) ने कहीं।वे श्री हरि सत्संग मंडल एवं भक्तगण के तत्वाधान में गोमाबाई रोड स्थित लायन्स डेन सभागार में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित 27 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं पर्वतीय शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि शिव पार्वती विश्व के सबसे सर्वश्रेष्ठ दंपति है जो धर्म आध्यात्मिक की वार्ता करते हैं। अहंकार हमारे पतन का कारण बनता है। अंहकार के कारण सामान्य व्यक्ति भी माता-पिता और गुरु और सज्जनों की बात को भी बुरी मानने लगता है। यदि हम पुण्य कर्म कर भगवान की शरण में भक्ति करते हैं तो हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। क्रोध के त्याग बिना मानव जीवन में सफलता नहीं मिलती है। यदि परीक्षा से पहले बच्चे अर्थवशिष्ट पाठ का 108 बार जाप करें उनकी बुद्धि प्रखर होती है उनका प्रश्न पत्र अच्छा होता है।

गुरुदेव रुद्रदेव त्रिपाठी के पिता श्री महेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि घर परिवार में कुशल प्रबंधन कर परिवार को मंदिर का स्वरूप देने के लिए लक्ष्मी रूपी कन्या से अपने पुत्र का विवाह करना चाहिए। संसार के सभी देवता अपने ससुराल में ही रहते हैं। भगवान हिमालय में भोले शंकर तथा नारायण समुद्र में लक्ष्मी के साथ रहते हैं। शिव भक्ति तपस्या कर संसार का कल्याण करते हैं। इस अवसर पर अपने 10 वर्षीय बालिका रिसोना पिता सौरभ एवं दादा रविंद्र बोहरा जावद के साथ आशीर्वाद ग्रहण किया।शिव महापुराण पोथी पूजन आरती में शिवकुमार सिंघवी,प्रेम नारायण ,नाथू लाल पाटीदार, लालचंद सिंहल, मुरारी लाल सिंहल, सत्यनारायण पाराशर ,महेश शर्मा, मुकेश पोरवाल, जगदीश महेश्वरी, युगल किशोर शर्मा,आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम की श्रृंखला में सुबह 8 से 8-30 बजे तक वेद पाठ, 9 से 10 बजे तक हवन ,दोपहर 1 से 3 बजे शिव पुराण कथा, 3 से 4-30 बजे तक 27हजार रुद्राक्ष शिवलिंग पूजन अभिषेक, सोमवार नागपंचमी, प्रदोष, हरियाली अमावस्या पर पार्थिव पूजन अभिषेक,सवालाख महामृत्युंजय मंत्र जाप, काल सर्प पूजन हवन शांति सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।